हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025

11 रेखाचित्र के माध्यम से किया महर्षि को नमन



12 1100 से अधिक धावकों ने दौड़ लगाकर दिया फिटनेस का संदेश



## खबर संक्षेप

### सीएम फ्लाइंग ने पटाखों की खेप की बरामद

**झज्जर ।** सोमवार दोपहर बाद शहर के सिलानी गेट क्षेत्र में सीएम फ्लाइंग की टीम ने एक मकान में रेड करते हुए अवैध रूप से रखे हुए पटाखों को पकड़ा। बाद में इसकी सूचना लोकल पुलिस को दी गई और पटाखों को शहर थाना में ले जाया गया। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्यवाई अमल में लाई जा रही है। इसके अलावा मातनहेल क्षेत्र में एक शराब के ठेके पर सीएम फ्लाइंग की टीम ने रेड करते हुए संबंधित दस्तावेजों की जांच की।

### सोमपाल सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 में नव–पंजीकृत नेवल वेटरंस सोसाइटी बहादुरगढ़ की बैठक हुई। बैठक में लेफ्टिनेंट सोमपाल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सदस्यों ने सोसाइटी को सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया। सुखबीर दहिया, चरण सिंह राठी, धनराज तेहलान, आनंद शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ नेवल वेटरन्स इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### अवैध हथियार व कारतूस सहित युवक गिरफ्तार



**झज्जर।** स्पेशल स्टॉफ की एक टीम द्वारा थाना दुजाना क्षेत्र से अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल स्टॉफ प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को बिरधाना रोड नजदीक रेलवे फाटक से एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति से एक पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए है। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान अजय निवासी नया बास रोहतक के तौर पर की गई है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### आसौदा में पेड़ पर लटका मिला शव

**बहादुरगढ़।** गांव आसौदा में प्रवासी मूल के एक व्यक्ति का शव पेड़ पर लटका मिला। व्यक्ति द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान 40 वर्षीय ब्रजेश के रूप में हुई है। मूलतः यूपी मूल का ब्रजेश यहां आसौदा में रहता था। रविवार को आसौदा में नहर के पास पेड़ पर उसका शव लटका हुआ मिला। किसी की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। ब्रजेश दो बच्चों का पिता था और यहां दिहाड़ी मजदूरी करता था। मानसिक परेशानी से तंग आकर उसके द्वारा फांसी लगाने की आशंका है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### चार वर्षीय बच्चे सहित मां लापता, केस दर्ज




**बहादुरगढ़।** बिहार मूल की एक महिला अपने चार वर्षीय बच्चे के साथ लापता हो गई है। परिजन तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश चुके हैं, लेकिन सप्ताहभर बीत जाने के बाद भी उनका कुछ अता पता नहीं है। बिहार मूल के गौतम का कहना है कि वह यहां शिव चौक के निकट रहता है। गत 28 सितंबर को ड्यूटी पर गया था। इसी दौरान चार वर्षीय बच्चा हिमांशु व पत्नी खुशी लापता हो गई। तब से लेकर अब तक हर संभावित जगह पर उनको तलाश चुका हूं लेकिन कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

## सर्बिया में दम दिखाएंगे मांडोठी के पहलवान अंकित दलाल

■ 20 से 27 अक्टूबर तक अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

मांडोठी का अंकित दलाल पहलवान सर्बिया में कुश्ती का दम दिखाएगा। अंकित का वहां इस माह के अंत में प्रस्तावित वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए भारतीय ग्रीको रोमन टीम में चयन हुआ है। चयन पर कुश्ती प्रेमियों ने अंकित को बधाई दी तथा वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने की उम्मीद जताई है। दरअसल, आगामी 20 से 27 अक्टूबर तक सर्बिया में अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। तमाम देश इसके लिए तैयारियां कर रहे हैं। गत चार अक्टूबर को लखनऊ में ट्रायल हुए। ट्रायल में हिंद केसरी सोनू अखाड़े के अंकित दलाल ने 77 केजी में जोर आजमाइश कर स्थान बनाया।



### खेल प्रेमियों ने दी शुभकामनाएं

ट्रायल में अपने बेहतर प्रदर्शन के बूते जीत दर्ज कर वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए भारतीय ग्रीकोरोमन दल में जगह बनाई। अंकित गांव मांडोठी का रहने वाला है और पिछले कुछ वर्षों से सोनू अखाड़े में अभ्यास करता है। इससे पहले ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी, अंडर 23 नेशनल तथा स्कूल नेशनल में मेडल जीत चुका है। अर्जुन अवॉर्डी धर्मेंद्र दलाल, ओमबीर सिंह सहित अन्य कोचों व खेल प्रेमियों ने अंकित को शुभकामनाएं दी हैं। धर्मेंद्र का कहना है कि अंकित अच्छा पहलवान है, नाम रोशन करेगा।

## नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जलवा अभिनव और अंशुल ने जीते मेडल



**झज्जर ।** नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जिले के मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो मेडल जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि अंबाला में तीन से पांच अक्टूबर तक चली इस चैंपियनशिप में महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम के खिलाड़ी अभिनव बल्हारा ने जहां 75 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक जीता वहीं अंशुल ने 80 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया। इस उपलब्धि पर कोच हितेश देशवाल ने दोनों होनहार खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सोमवार को रुक-रुक कर होती रही बूंदाबांदी, मंडी में हजारों क्विंटल अनाज पड़ा

# आफत की बारिश, मंडी में बाजरे व धान को लेकर परेशान रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार सोमवार दिनभर रूक रूक कर हल्की बारिश और ठंडी हवाएं चलती रही। जिसके कारण मौसम खुशनुमा हो गया और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उधर, बारिश के कारण किसान और आढ़ती दिनभर चिंतित रहे। दिनभर आढ़ती मंडी परिसर में रखे धान और बाजरे की फसल को तिरपाल से ढकते हुए दिखाई दिए। आढ़तियों का कहना है कि प्रशासनिक स्तर पर मंडी परिसर में जलनिकासी की व्यवस्था नहीं की गई है। अगर इस दौरान तेज बारिश होती है तो नुकसान होगा।

**मंडी में निकासी न होने से आढ़ती परेशान**



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में तिरपाल से ढकी बाजरे और धान की फसल।

### बाजार के कारोबार पर भी पड़ा असर

*दिनभर रुक रुक कर हुई हल्की बारिश का असर बाजार के कारोबार पर भी पड़ा। त्यौहारी सीजन होने के बावजूद अन्य दिनों की अपेक्षा लोग बाजार में कम पहुंचे। जिसके कारण दुकानदारों के चेहरों पर मायूसी दिखाई दी। दुकानदारों का कहना है कि करवा चौथ का व्रत नजदीक है। ऐसे में बिक्री ज्यादा होने की उम्मीद है। लेकिन बारिश के कारण कामकाज पर प्रभाव पड़ा है।*

## जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में किसानों की चिंता बढ़ी

**बहादुरगढ़।** रविवार रात को इलाके में फिर से बरसात हुई। रात से लेकर सोमवार शाम तक इलाके में 25 एमएम से अधिक बरसात दर्ज की गई। बरसात के चलते मौसम में ठंडक घुल गई, वहीं किसानों की चिंता बढ़ गई। आगामी दो और दिन बरसात की संभावना है। दरअसल, इस साल बारिश अधिक हुई है। सितंबर के बाद अब अक्टूबर के शुरुआती दिनों में भी बरसात हो रही है। रविवार की रात को ही आसमान में बादल छा गए थे। तेज हवा के साथ रात को काफी देर तक बरसात हुई। इससे कुछ जगह पेड़ों और तारों को नुकसान पहुंचा। सोमवार की सुबह भी सुहानी रही और तापमान में कई डिग्री गिरावट दर्ज की गई। दोपहर



तक आसमान में बाछल छाए रहे। इसके बाद बूंदाबांदी का दौर शुरू हो गया, जो देर शाम तक जारी रहा। उधर, दूसरी तरफ बरसात किसानों तथा जलभराव से प्रभावित क्षेत्र में रह रहे लोगों की चिंता भी बढ़ा रही है। बरसात के कारण इलाके के किसानों को काफी नुकसान हुआ है। कई गांवों के खेतों में अब भी पानी भरा हुआ है।

## पुलिस ने जब्त नशीले पदार्थों को नष्ट किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

सोमवार को एनडीपीएस एक्ट अधिनियम के तहत पुलिस विभाग द्वारा जब्त किए गए नशीले पदार्थों को एस डी बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी बालंद में नष्ट किया गया। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा नशीली वस्तु अधिनियम के तहत दर्ज करीब 182 मामलों में जब्त किए गए नशीलों पदार्थों को एस.डी बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी बालंद में नष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के नशीले पदार्थों को नष्ट करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार एक कानूनी प्रक्रिया के तहत एक कमेटी का गठन किया जाता है।

### अलग-अलग मामलों में किया था जब्त

जिला पुलिस द्वारा दर्ज किए गए 182 अलग-अलग मामलों में 304.178 किलोग्राम गांजा, 4.820 किलोग्राम चरस, 848 ग्राम हेरोइन, 9 किलो 31 ग्राम चुरापोस्त,डोडा पोस्त 184 ग्राम, 1582 नशीली इंजेक्शन, 120 नशीली टैबलेट व बोतल को नष्ट किया गया। इस दौरान डीसीपी हैड क्वाटर जसलीन कौर, एसीपी हैड क्वाटर अनिरुद्ध चौहान, स्टेट क्राइम ब्रांच गुरुग्राम नवीन शर्मा, जिला मोर्हर मालखाना एएसआई विक्रम कुमार, पीआईटी सैल प्रभारी एएसआई राम अवतार सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## टैंक की क्वाइल फटने से घायल एक अन्य श्रमिक ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

■ अरूण का रोहतक पीजीआई में चल रहा था उपचार

कस्बा बेरी के ढराणा मोड स्थित तारकोल फैक्ट्री में टैंक की क्वाइल फटने से झुलसे पांच कर्मचारियों में से एक अन्य युवक ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बता दें कि बेरी के ढराणा मोड़ पर एक तारकोल बनाने की फैक्ट्री है। उसमें दो टैंकों की टेस्टिंग का कार्य चल रहा था। उसी दौरान तेज धमाके के साथ एक टैंक की क्वाइल फट गई थी। इस हादसे में घायल श्रमिकों को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में चल रहा है। कर्मचारियों के अनुसार तारकोल फैक्ट्री में बॉयलर अचानक अधिक गर्म होने के कारण फट गया था, जिससे मजदूरों को गंभीर चोटें आईं थी। घायल श्रमिकों की पहचान अरुण, सचिन, सुधीर, संदीप व दीपक के तौर पर हुई थी। इसमें से उपचार के दौरान दीपक की पहले मौत हो गई थी। वहीं एक अन्य अरूण ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आज से चलेगा जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विशाल ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों को समाप्त करना और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करके बेहतर मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। साथ ही मानसिक रूप से बीमार और विकलांग व्यक्तियों के लिए नालसा द्वारा कानूनी सेवाएं प्रदान करने वाले कार्यक्रमों को लागू करना है। इन शिविरों के सुचारू रूप से संचालन को लेकर पैरा लीगल वॉलिंटियर्स की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि लोगों को मानसिक रोगों की जानकारी दी जाएगी।

विधायक राजेश जून बोले- विकास की गति और तेज होगी

## सिद्दीपुर से मुंढेला सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने सोमवार को ग्रामवासियों की मौजूदगी में सिद्दीपुर से मुंढेला दिल्ली सीमा तक बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ नारियल फोड़कर किया। यह सड़क 68 लाख रुपये की लागत से बनाई जा रही है। विधायक राजेश जून ने बताया कि इस सड़क का एक हिस्सा पहले ही बन चुका था और अब दिल्ली सीमा तक का शेष भाग बनाया जा रहा है।

### गुणवत्ता से समझौता सहन नहीं करेंगे



बहादुरगढ़ इलाका दिल्ली की सीमा से सटा हुआ है और भाजपा सरकार बनने के बाद सीमावर्ती क्षेत्रों की सभी सड़कों का व्यापक विकास कार्य तेज गति से किया जा रहा है। राजेश जून ने कहा कि उनके लगभग एक वर्ष के कार्यकाल में हलके अधिकांश टूटे हुए रोड नए बन चुके हैं और जो शेष हैं, वे जनवरी तक पूरे कर दिए जाएंगे। विधायक जून ने मौके पर मौजूद ठेकेदार से सड़क निर्माण में लगने वाली सामग्री की गुणवत्ता से किसी भी सूरत में समझौता नहीं करने के निर्देश दिए।

लोगों को आकर्षित कर रहा कला और संस्कृति का संगम

उत्सव के तीसरे दिन प्रदर्शनी देखने उमड़े शहरवासी

## कल्चर उत्सव व प्रदर्शनी में देशभर से आए शिल्पकारों और बुनकरों की कला लोगों के मन को मोह रही

दिल्ली-एनसीआर और आसपास के शहरों से भी कला-प्रेमी बड़ी संख्या में पहुंच रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर-6 स्थित कम्युनिटी सेंटर इन दिनों कला और संस्कृति के रंगों में रंगा हुआ है। यहां चल रहे नाबार्ड नेशनल आर्ट एंड कल्चर उत्सव एवं प्रदर्शनी में देशभर से आए शिल्पकारों, बुनकरों की कला लोगों के मन को मोह रही है। चार अक्टूबर से शुरू हुए इस दस दिवसीय उत्सव में देश के 11 राज्यों से आए 50 से अधिक नेशनल और स्टेट अवार्डी कलाकार अपनी-अपनी पारंपरिक कला का जीवंत प्रदर्शन कर रहे हैं। ब्लॉक प्रिंटिंग, टेराकोटा, मिट्टी कारीगरी तथा हस्तनिर्मित ज्वैलरी जैसी अन्य विधाएं यहां लोगों को भारतीय लोककला की समृद्ध परंपरा से रूबरू करा रही हैं। दिनभर की प्रदर्शनी के बाद शाम के समय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम इस आयोजन को और भी जीवंत बना रहे हैं।



### कला, संस्कृति व लोक परंपराओं का महाकुंभ 13 तक चलेगा

स्थानीय लोग तो यहां जुट ही रहे हैं, साथ ही दिल्ली-एनसीआर और आसपास के शहरों से भी कला-प्रेमी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। उत्सव के तीसरे दिन सोमवार भी प्रदर्शनी में कला-प्रेमियों की भारी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने न सिर्फ कलाकारों के हुनर को सराहा बल्कि हस्तनिर्मित वस्तुओं की खरीदारी कर कलाकारों को प्रोत्साहन भी दिया। कई आगंतुकों ने बताया कि प्राचीन कारीगर एसोसिएशन, रुरल एंड अर्बन फाउंडेशन और नाबार्ड के संयुक्त प्रयासों से आयोजित यह उत्सव शिल्पकारों को मंच देने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को कला के प्रति जुड़ाव का अवसर भी प्रदान कर रहा है। कला, संस्कृति और लोक परंपराओं का यह महाकुंभ 13 अक्टूबर तक चलेगा।

अवशेष प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला

## ग्राम सचिवों और पटवारियों को दी पराली प्रबंधन की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

स्थानीय संवाद भवन में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें ग्राम सचिवों और पटवारियों ने भाग लिया।

कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारियों व कर्मचारियों को पराली प्रबंधन के नवीनतम तरीकों से अवगत कराना और किसानों को जागरूक करने के लिए उन्हें प्रशिक्षित करना रहा। उपनिदेशक कृषि डॉक्टर जितेंद्र अहलावत ने बताया कि पराली जलाना पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य और भूमि की उर्वरता के लिए हानिकारक है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए कृषि यंत्रों पर नियमानुसार अनुदान दे रही है। ग्राम सचिव और पटवारी अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों को इस विषय में जागरूक करें तथा पराली न जलाने का संदेश घर-घर तक पहुंचाएं।

हरिभूमि
# सहेली

करवा चौथ विशेष



# दांपत्य जीवन में आस्था का उत्सव

करवा चौथ का पर्व स्त्रियों की आस्था और दांपत्य जीवन के प्रति उनके समर्पण के भाव को प्रतिबिंबित करता है। विवाहित स्त्रियां इस पर्व के जरिए चांद को साक्षी मानकर अपने रिश्तों को संजोने का संकल्प लेती हैं, जिसमें उनके परिवार के सदस्यों का अपनापन, स्नेह और संस्कृति-पूजन परंपराओं की सोंधी महक भी समायी होती है।

आवरण कथा

कल्पना मनोरमा

भारत में मनाए जाने वाले अनेक पर्वों में कुछ ऐसे भी हैं, जो सीधे स्त्री मन की गहराई को छूते हैं। करवा चौथ इन्हीं में से एक है। यह केवल एक दिन का व्रत नहीं, स्त्री के प्रेम, समर्पण और आस्था की आत्मिक निष्ठा है, जो हर वक्त उसके हृदय में बनी रहती है। हर वर्ष करवा चौथ का दिन स्त्रियों को याद दिलाता है कि रिश्तों की शक्ति केवल शब्दों या कथनों में नहीं, बल्कि भावनाओं, विश्वास और त्याग में निहित होती है।

### स्त्री के अस्तित्व की आत्मीय अनुभूति

करवा चौथ का व्रत, स्त्री के लिए केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, उसके अस्तित्व की वह आत्मीय अनुभूति है, जिसमें प्रेम, आस्था और समर्पण एक साथ बसते हैं। यह दिन उसे अवसर देता है कि वह अपने रिश्ते को साधारण दिनचर्या से उठाकर, एक ऊंचे भावलोक तक पहुंचा सके। चांद की शीतलता में जब एक स्त्री दीप-जल के साथ पति का मुखड़ा देखती है, तो ऐसा लगता है कि चांद भी उस दिन अपनी कोमल छटा में इतरा रहा है।

### स्त्री के भीतर छिपे अदृश्य सौंदर्य का उत्सव

भारतीय संस्कृति में व्रत और उपवास कोई भी कर सकता है, लेकिन त्याग-समर्पण का जिम्मा स्त्री ने अपनी पहचान और अधिकार बना लिया है। भारतीय स्त्रियां केवल व्रतों के माध्यम से ही नहीं, अपने हर कर्म और समर्पित प्रयास से परिवार को पोषित करती हैं। इसी क्रम में करवा चौथ स्त्री के भीतर छिपे उस अदृश्य सौंदर्य का उत्सव है, जो रिश्तों में नई ऊष्मा भरता है।



### घर और मन की सजावट

हमारे हर पर्व की अपनी अलग सुगंध, रंग-रूप और तैयारी होती है। करवा चौथ की तैयारियां भी केवल एक दिन पहले से शुरू नहीं होतीं, बल्कि इसकी मानसिक तैयारी तो बरसात के दिनों से ही शुरू हो जाती है। बरसात के बीतने के बाद, जैसे ही मौसम अपना रुख बदलता है, स्त्रियां धीरे-धीरे करवा चौथ की तैयारी की सोचने लगती हैं। घर की सबसे बड़ी या अनुभवी स्त्री की अनुमति लेकर युवा स्त्रियां घर में एक शांत और पवित्र कोना चुनती हैं। इसके बाद अल्पना बनाने का काम होता है। घर की सबसे कुशल और होशियार बहू को कुछ दिनों के लिए चौका-बर्तन से छुट्टी दे दी जाती है, ताकि वह ध्यानपूर्वक अल्पना बना सके। करवा की अल्पना में स्त्री ने सदैव प्रकृति को प्रमुखता दी है। उसने अपनी सहगामी परिधि में सूरज, चांद, सितारे, बरगद, पीपल, रिश्ते, भाई-बहन, देवरानी-जेठानी, मजदूर, गाय-बैल और किसान सबको बनाया और पूजा की। यह अल्पना केवल सजावट नहीं, बल्कि स्त्री के मन, उसकी कल्पना और उसके जीवन के छोटे-बड़े हिस्सों का प्रतिबिंब भी होती है।

### अपनत्व से दमकता स्त्री मन

जब करवा चौथ का व्रत आता, तो उसकी पहली रात घर की बड़ी-बूढ़ी स्त्रियां खीर, हलुआ और अन्य मिठाइयां तैयार करती हैं। चाहे दिन भर कितनी भी व्यस्तता क्यों न हो, कुछ मीठा अवश्य बनता है, ताकि व्रती स्त्री खा सके। क्योंकि मीठा खाने से प्यास नहीं लगती और दूसरा दिन ऊर्जावान बना रहता है। हाथों में मेहंदी रचती है, साड़ी, झुमके और नथ-टीका निकाले जाते हैं। इन तैयारियों के बीच, स्त्रियों का मन अपनत्व से दमकता रहता है।



### व्रत का दिन और उत्सव का चरम

व्रत वाले दिन स्त्री निर्जल रहकर भी उमंग-उत्साह से लबरेज रहती है। सुबह से ही घर का वातावरण विशेष प्रतीत होता है। हर काम, चाहे सफाई में झाड़ू लगाने का काम हो या बच्चों को तैयार करने का, पवित्र और ध्यानमग्न होकर किया जाता है। रात होते-होते घर का माहौल और भी उल्लासमय हो जाता है। बाहर चांदनी शांत और कोमल रात होती है और अंदर करवा की पूजा-पाठ, कथा कही-सुनाई जाती है। पति के मंगलमय जीवन की कामना की जाती है। जब चांद निकलता है तो वह केवल आकाशीय घटना भर नहीं रह जाता, उस क्षण स्त्री के मनाकाश में प्रेम और विश्वास का प्रतीक बनकर चांद उदित होता है। करवा के व्रत का सबसे भावपूर्ण क्षण वह होता है, जब पत्नी चांद को अर्घ्य देती है फिर पति के हाथ से जल ग्रहण करती है तो उसकी आंखों में उस क्षण प्रेम की एक अलग ही चमक होती है।

इस तरह स्त्रियों के मन और हृदय में बसी श्रद्धा और आस्था है, जो न केवल उनके जीवन को रोशन करती है, बल्कि परिवार और रिश्तों को स्थायी, आत्मीय और सजीव बनाती है। मिट्टी की खुशबू, चांद की शीतलता और लोकगीतों का मधुर स्वर, ये सब मिलकर करवा चौथ को केवल उपवास या पूजा नहीं, बल्कि संस्कृति और प्रेम का जीवंत उत्सव बना देती हैं। कहा जा सकता है कि ऐसे त्योहार, केवल आनंद के अवसर ही निर्मित नहीं करते, ये हमें समय, समुदाय और जीवन के गहरे अर्थों की याद दिलाते हैं। ये हमें प्रेम से जीना सिखाते हैं, आपस में जोड़कर रखते हैं।

करवा चौथ के दौरान कई महिलाओं को डिहाइड्रेशन की समस्या होने लगती है। इससे बचने के लिए आपको सरगी लेते समय ऐसे फूड्स, ड्रिंक्स को शामिल करना चाहिए, जिससे आप पूरे दिन हाइड्रेटेड-एनर्जेटिक फील कर सकें।

# व्रत के दौरान इस तरह रखें खुद को हाइड्रेट

डाइट सजेशन

निकिता चौहान

करवा चौथ पर विवाहित महिलाएं निर्जला व्रत करती हैं। इस दिन वे सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक उपवास रखती हैं और अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं। इस दौरान कई महिलाओं को कमजोरी महसूस होती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि वे खुद को प्रॉपर तरीके से हाइड्रेट नहीं रखती हैं। इस वजह से उन्हें चक्कर आने लगता है तो कुछ को मितली जैसा महसूस होता है। इन समस्याओं से बचने के लिए महिलाओं और विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को व्रत के दौरान अपने हाइड्रेशन का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। यहां आपको खुद को हाइड्रेट रखने के तरीके बता रहे हैं।


**ऐसे करें दिन की शुरुआत:** दिन की शुरुआत 2-3 गिलास सादा पानी पीने से करें। इसके बाद सूर्योदय से पहले खाई जाने वाली सरगी में ऐसे खाद्य को शामिल करें, जिसमें पानी पर्याप्त मात्रा में हो। नारियल पानी और छाछ पी सकती हैं। इनमें इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो शरीर को हाइड्रेटेड और ठंडा रखते हैं। चाय, कॉफी और नमकीन स्नैक्स लेने से बचें। व्रत के दौरान पानी से भरपूर फल जैसे संतरा, पपीता और खीरा आदि का सेवन कर सकती हैं।

आपको भूख महसूस न हो इसके लिए सरगी में आप हेल्दी फैट्स और प्रोटीन लें। इसके लिए भीगे बादाम, दूध, दही और पनीर का सेवन कर सकती हैं।



**इन बातों का रखें ध्यान:** अगर आपको कोई स्वास्थ्य समस्या है या कमजोरी महसूस कर रही हैं तो पूरे दिन का निर्जला व्रत रखने से बचें। पूरे दिन थोड़ी-थोड़ी मात्रा में पानी पीती रहें। नारियल पानी या ओआरएस घोल भी पी सकती हैं। ठोस खाद्य के बजाय तरल पदार्थ अधिक मात्रा में लें। निराहार के बजाय फलाहार उपवास कर सकती हैं।

**थकान से बचें:** व्रत के दौरान पानी की कमी ना हो इसके लिए दिन के समय धूप और गर्मी से बचें। ज्यादा शारीरिक श्रम न करें और हल्की, ढीली ड्रेस पहनें। आराम करती रहें ताकि पसीने से पानी की कमी न हो।



**डिहाइड्रेशन के लक्षण पहचानें:** उपवास के दौरान पानी न पीने से कई महिलाओं को डिहाइड्रेशन का रिस्क रहता है। ऐसे में आपको इन लक्षणों पर ध्यान देना जरूरी है- चक्कर या हल्की बेहोशी महसूस होना, सिरदर्द, बार-बार होंठ या मुंह सूखना, थकान या चिड़चिड़ापन, यूरीन कम होना या गहरे रंग का होना। अगर ये सभी या इनमें से कोई लक्षण दिखे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**डॉक्टर से कंसल्ट करें:** अगर आपको कोई मेडिकल इश्यू है या आप प्रेग्नेंट हैं तो व्रत रखने का निर्णय लेने से पहले स्त्री रोग विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें। डॉक्टर आपके ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल और आपकी सेहत की अन्य बातों पर गौर करके आपको व्रत के दौरान सावधानी बरतने संबंधी उचित सलाह देंगी। आपको ध्यान रखना चाहिए कि हर महिला का शरीर अलग तरह का होता है। ऐसे में व्रत के दौरान क्या करना है, क्या नहीं, इस बारे में अपने डॉक्टर से जरूर बात करें।


**(मदरहुड अस्पताल, एनसीआर की कंसल्टेंट गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. स्मिति जैन से बातचीत पर आधारित)**

भावनाएं / प्रस्तुति:आरती सक्सेना

# दांपत्य जीवन में प्रेम-समर्पण का प्रतीक करवा चौथ का व्रत

दांपत्य का रिश्ता पति-पत्नी दोनों के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए इस रिश्ते का मधुर और मजबूत होना बहुत जरूरी है। फिल्म-टीवी की अभिनेत्रियां बता रही हैं करवा चौथ का पर्व उनके दांपत्य जीवन में क्या मायने रखता है, वे इस पर्व को कैसे मनाती हैं, इस बार उनकी क्या तैयारी है?

### यह अनोखा पर्व हमारे दांपत्य जीवन में मधुरता घोलता है: कियारा आडवाणी



अपनी शादी के बाद मैं हर वर्ष करवा चौथ पूजा पूरे विधि-विधान के साथ करती हूं, व्रत रखती हूं, अपने पति सिद्धार्थ की लंबी आयु और स्वस्थ जीवन की मंगल कामना करती हूं। इस साल भी मैं करवा चौथ व्रत रखूंगी। इसकी तैयारी मैंने अभी से शुरू कर दी है। इस बार मैं करवा चौथ के लिए स्पेशल ड्रेस या डिजाइनर साड़ी लेने वाली हूं। सिद्धार्थ के लिए भी खूबसूरत कुर्ता-पजामा खरीदूंगी। हर साल मैं करवा चौथ पर स्पेशल मेहंदी लगवाती हूं, जिसमें सिद्धार्थ के नाम का पहला अक्षर मेरे हाथ पर लिखा होता है। इस बार भी मैं ऐसी ही मेहंदी लगाने वाली हूं। रोजमर्रा की जिंदगी में मैं लाइट कलर के ड्रेस पहनना पसंद करती हूं, लेकिन करवा चौथ पर मुझे डार्क कलर पहनना पसंद है, जैसे रेड, मैरून, डार्क पिंक। पिछले साल मैंने ससुराल में करवा चौथ मनाया था, जो मेरे लिए बहुत यादगार रहा। ससुराल में करवा चौथ पर सिर्फ सिद्धार्थ ही नहीं, मेरी सासू मां और पूरा परिवार मेरा बहुत ध्यान रख रहा था। मेरी सास ने मुझे करवा चौथ की सुबह सरगी दी, जो मैंने सुबह-सुबह चार बजे खाई। इसके बाद बिना कुछ खाए-पिए करवा चौथ का व्रत रखा। रात को चांद देखकर मैंने अपना करवा चौथ का व्रत सिद्धार्थ के हाथों पानी पीकर खोला। इसके बाद हम दोनों लोग ड्राइव पर गए। सिद्धार्थ ने मुझे सरप्राइज गिफ्ट दिया, जो एक खूबसूरत मोबाइल था। करवा चौथ का व्रत मेरे लिए इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हर करवा चौथ पर हमारा रिश्ता और मजबूत होता है। यह बहुत अनोखा पर्व है, हमारे दांपत्य जीवन में मधुरता घोलता है।

### स्त्री का सुहाग उसके जीवन का एक वरदान है: भारती सिंह



जब मैं बहुत छोटी थी, शादी-शुदा महिलाओं को करवा चौथ व्रत रखते देखती थी। उनका सजना-संवरना मिलकर करवा चौथ की पूजा करना, चांद देखकर अपने पति के हाथों जल पीकर व्रत तोड़ना, ये सब मुझे बहुत भाता था। मैं सोचती थी, जब मैं बड़ी होऊंगी, शादी करूंगी तो इन महिलाओं की तरह मैं भी अपने पति के लिए ऐसे ही सज-धज कर करवा चौथ की पूजा करूंगी। उस वक्त मुझे यह नहीं पता था कि करवा चौथ का व्रत भूखे-प्यासे रहकर करना पड़ता है। शादी के बाद जब मैंने पहली बार करवा चौथ का व्रत रखा, उस वक्त पूरा दिन भूखा-प्यासा रहकर मेरी हालत बहुत पतली हो गई थी। लेकिन रात को जब चांद देखकर व्रत तोड़ा, तो एक अलग ही सुकून मिला। इसके बाद हर साल मैं पूरे दिल से करवा चौथ का व्रत रखती हूं। मेरा मानना है स्त्री का सुहाग उसके जीवन का एक वरदान है। इस बात का एहसास मुझे उस वक्त हुआ, जब मेरी लाइफ में हर्ष की एंट्री हुई। हर्ष ने मुझे इतना प्यार दिया, इतनी खुशी दी कि मैं उनके बिना जीने की कल्पना भी नहीं कर सकती। करवा चौथ के दिन मैं सुबह चार बजे उठकर सास द्वारा दी गई सरगी खाती हूं। पूरा दिन सजने-संवरने में जुटी रहती हूं, हाथों में मेहंदी से लेकर पैरों में पायल, ज्वेलरी, मेकअप, हेयर स्टाइल सब कुछ पूरे दिन चलता रहता है। इस दिन हर्ष मेरी हर बात मानते हैं, मेरे नखरे उठाते हैं। हर साल वह मेरे लिए कोई ना कोई खूबसूरत गिफ्ट लेकर जरूर आते हैं। इस बार भी मैं धूमधाम से करवा चौथ मनाऊंगी। करवा चौथ की फोटोज और वीडियो भी आप लोगों के साथ शेयर करूंगी।

मेकअप

सरिता गुप्ता

# ग्लिटरी-ब्राइट मेकअप से निखर उठेगी खूबसूरती

विवाहित महिलाओं का सबसे बड़ा त्योहार करवा चौथ को माना जाता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जल व्रत रखती हैं। इस अवसर पर बड़े चाव से सजती-संवरती भी हैं। सुंदर सी साड़ी, लहंगा, मैचिंग ज्वेलरी कैरी करती हैं, मेहंदी, महावर भी लगाती हैं। इसके साथ ही, पूजा करने के लिए वे अच्छे से मेकअप भी करना चाहती हैं। इस ऑकेजन पर आपका मेकअप स्पेशल होना चाहिए। इसीलिए यहां हम आपको बता रहे हैं ग्लिटरी-ब्राइट मेकअप के स्टेप्स।

**मॉयश्चराइजर:** मेकअप शुरू करने के पहले स्टेप में फेस पर मॉयश्चराइजर लगाएं। इससे चेहरे पर मेकअप लंबे समय तक टिका रहता है। मॉयश्चराइजर लगाने के 10 मिनट बाद बेस लगाना सही रहता है।

**कंसीलर:** अगर आपके चेहरे पर दाग-धब्बे हैं और आप उन्हें छुपाना चाहती हैं तो कंसीलर का यूज जरूर करें। साथ ही चेहरे पर चमक लाने के लिए आप प्राइमर का यूज कंसीलर से पहले करें।



**फाउंडेशन या बेस:** फाउंडेशन या बेस खरीदते समय अपनी स्किन टोन से मैचिंग जरूर कर लें। साथ ही ऐसे फाउंडेशन का सेलेक्शन करें, जो लॉन्ग-लास्टिंग हो ताकि आपका मेकअप लंबे समय तक बरकरार रहे। स्किन टोन से मैचिंग बेस को अच्छे तरीके से ब्लेंड करें। इससे फेस पर नेचुरल ग्लो आता है।

**अप्लाई करें ब्लशर:** बेस लगाने के बाद गालों पर हल्का-सा ब्लशर अप्लाई करें ताकि चेहरे पर ग्लो दिखाई दे।

**आइज मेकअप:** फेस मेकअप के बाद आइज मेकअप की बारी आती है। आंखों को सुंदर दिखाने के लिए आप अपनी ड्रेस से मैच करता हुआ लाइट ब्राउन या लाइट ग्रे कलर का आईशैडो लगा सकती हैं। आंखों का मेकअप हाईलाइट करने के लिए आप हल्की ग्लिटर वाली या शिमरी आईशैडो का यूज भी कर सकती हैं।

**मस्कारा:** मस्कारा लगाने से आपकी पलकें घनी और लंबी दिखाई देती हैं। आंखों पर मस्कारा का एक कोट लगाना काफी है। एक से अधिक कोट ना लगाएं।

**आई लाइनर:** आंखों के मेकअप को क्लीन दिखाने के लिए पतला आई लाइनर लगाएं। अगर अपने मेकअप को स्पेशल फेस्टिव टच देना चाहती हैं तो आप लाइट ब्राउन या ब्लू कलर का आई लाइनर चुन सकती हैं।

**लिपस्टिक:** मेकअप को कंप्लीट लुक देने के लिए लिपस्टिक का सही शेड चुनना बहुत जरूरी है। गलत शेड आपके मेकअप का लुक बिगाड़ सकता है। ध्यान रखें कि अगर आपने आइज मेकअप डार्क किया है तो लिपस्टिक लाइट लगाएं। होंठों को ड्राई होने से बचाने के लिए पहले लिप बाम लगाएं।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट आरती सिन्हा से बातचीत पर आधारित)**

पर्व संदेश

सरस्वती रमेश

हमारे हर पर्व के पीछे कोई ना कोई बड़ा उद्देश्य होता है, उसके संदेश होते हैं। करवा चौथ भी ऐसा ही एक पर्व है। करवा चौथ पति-पत्नी के संबंध मधुर और मजबूत बनाने के साथ पूरे परिवार को आपस में जोड़ता है।

# करवा चौथ के अवसर पर बनें प्यार-परंपरा के साक्षी

दांपत्य, एक अनूठा रिश्ता है, ऐसा रिश्ता जो एक ही रिश्ते में अनेक रिश्तों को समाहित किए है। जीवनसाथी सिर्फ पति-पत्नी के बंधन में नहीं बंधे होते, उनका रिश्ता साथ, विश्वास और सहयोग का होता है। दांपत्य का रिश्ता उस नाजुक बेल की तरह होता है, जो एक-दूसरे के सहारे से आगे बढ़ती है। कभी-कभी इस नाजुक बेल की मजबूती के लिए कुछ खास भी करना पड़ता है। वही खास अवसर है-करवा चौथ का पर्व। इस अवसर पर दांपत्य के रिश्ते को हरा-भरा और पुष्पित करने के लिए पत्नी अपने प्रेम का जल, भरोसे की खाद और समर्पण की धूप देती है। यह रिश्ता हमेशा खिला-खिला रहे, इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है, जैसे-



**साथ का अहसास:** करवा चौथ पर सुहागन स्त्रियां व्रत रखती हैं, लेकिन उनके लिए यह सिर्फ एक व्रत मात्र नहीं है, इस दिन वे मेहंदी, महावर, कुमकुम, मांग-टीका और तन के सारे श्रृंगार कर, दांपत्य जीवन का भी श्रृंगार करती हैं। व्रत के साथ यह सदिच्छा भी जुड़ी होती है, यह अहसास भी कि हर उम्र में, हर मोड़ पर दांपत्य की बगिया अपने सुंदरतम रूप में खिली रहे। यहां यह भी ध्यान देने वाली बात है, स्त्री का यह सुंदर स्वप्न तभी पूरा होगा, जब उसे अपने जीवनसाथी का भरपूर प्यार और साथ मिले। करवा चौथ इस साथ के अहसास को और गहरा करता है।

**रिश्ते में हो त्याग की भावना:** जैसा कि हम सब जानते हैं, करवा चौथ पर स्त्री अन्न-जल त्याग कर पति की लंबी आयु की प्रार्थना करती है। दांपत्य के रिश्ते को हमेशा सजीव और मधुर रखने के लिए हमें इसी तरह के त्याग की जरूरत होती है। जब रिश्ते में त्याग का भाव निहित हो, तभी दांपत्य की खुशहाली संभव है।

**पति भी रखे ख्याल:** जिस तरह किसी त्योहार का पारंपरिक और सांस्कृतिक पक्ष होता है, उसी तरह उसका व्यावहारिक पक्ष भी होता है। करवा चौथ का भी व्यावहारिक पक्ष है, यह विवाह के वक्त किए गए वचनों को आगे बढ़ाने और व्यावहारिक रूप से उन्हें जीवन में अपनाने के लिए इंगित करता है। यदि पति की लंबी आयु की कामना से पत्नी कठिन व्रत रख सकती है, तो पति को भी उसकी सेहत और मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए।



### पूरे परिवार का उत्सव

करवा चौथ पूरे परिवार का उत्सव है। भले ही इसका पालन घर की स्त्रियों द्वारा होता है, लेकिन जब तक परिवार का प्रत्येक सदस्य इसमें शामिल न हो, तब तक इस त्योहार को मनाने का अर्थ परिपूर्ण नहीं होता। करवा चौथ का पर्व परिवार के लोगों को आपस में जोड़ता है, हंसी-मजाक और आत्मीयता के नए अवसर सुलभ करता है। सारी स्त्रियां मिलकर मेहंदी लगाती हैं, श्रृंगार करती हैं, गीत गाती हैं, दिल खोलकर हंसती हैं। घर में पकवान बनते हैं, बच्चे खुश होकर घर में डोलते हैं। यही तो त्योहारों को मनाने का उद्देश्य है कि हर ओर उमंग-उल्लास फैले, रंग और उजास फैले।

*बरसात व महंगाई ने बिगाड़ा माटी कला व्यवसाय से जुड़े कारीगरों का समीकरण*

# बरसात से मध्यम हुई उम्मीद की लौ, अबकी बार दीया कारीगरों के लिए फीकी रहेगी दिवाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

पारंपरिक मिट्टी के दीयों और सुराही के लिए देशभर में विख्यात झज्जर माटीकला उद्योग से जुड़े कारीगरों की दीवाली इस बार फीकी रहेगी। लंबे समय तक सक्रिय रहे मानूसन के कारण उनका सारा समीकरण बिगाड़ दिया है। बरसात के कारण जहां गुणवत्तापूर्ण मिट्टी मिलना मुश्किल हो गया है, वहीं ईंधन की कीमतें भी बढ़ गई हैं। ऐसे में कारीगरों के लिए पुराने आर्डरों को तय समय पर पूरा करना कठिन हो गया है। मिट्टी कला व्यवसाय में जुड़े दीयों के कारीगर महाबीर ने बताया कि पहले के वर्षों में जहां वे आठ से दस गाड़ियों का आर्डर पूरा करके अन्य राज्यों में भेज देते थे वहीं अब केवल राजस्थान के भीलवाड़ा व चित्तोड़गढ़ से दो गाड़ियों के आर्डर मिले हैं। एक गाड़ी में तीन लाख छोटे दीये व करीब दस हजार बड़े दीयों के अलावा गुल्लक आदि भेजे जाते हैं। बरसात के चलते अब वह लोकल मार्किट के अलावा निकटवर्ती जिलों रोहतक व गुरुग्राम से मिला आर्डर ही पूरा कर पाएंगे। नेशनल अवार्डी इंद्रपाल खोहाल ने बताया कि बरसात ने अबकी बार उनके दीवाली सीजन को प्रभावित किया है। पहले जहां विभिन्न राज्यों से छोटे-बड़े करीब दो करोड़ दीयों का आर्डर मिलता था वहीं अब केवल महराष्ट्र के मुंबई व गुजरात से 25 से 30 लाख दीयों का आर्डर ही मिल पाया है। महंगी हुई गुणवत्तापूर्ण मिट्टी व ईंधन के चलते दीये बनाने में परेशानी आ रही है। रविवार की रात आई बरसात ने भी उनकी मेहनत पर पानी फेरने का काम किया है। कृष्ण मिट्टी कला उद्योग के संचालक जैकी ने बताया कि बताया कि वे मिट्टी से तैयार दीयों को थोक भाव में हरियाणा के अलावा राजस्थान, दिल्ली, मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र में भेजते हैं।





बरसात के कारण तिरपाल से ढके गए दीये व अलाव, दीयों के बीच रखा चीनी मिट्टी से बना कछुआ व शिवलिंग हाथ में लिए हुए कारीगर जैकी, मिट्टी से निर्मित श्रीलक्ष्मी-गणेश की आकर्षक प्रतिमा दिखाते हुए इंद्रपाल खोहाल।

### रंगीन दीये बनाने में मदद करती हैं घर की महिलाएं और बच्चे

कारीगरों के अनुसार छोटे व बड़े सामान्य दीयों को आकर्षक रूप देकर उन्हें उच्चतम कीमत पर भी बेचा जा रहा है। ऐसे में पेंट के माध्यम से उन दीयों को आकर्षक रूप देने में घर की महिलाएं एवं बच्चे भी सहयोग कर रहे हैं। घर की महिलाएं जहां रोजमर्रा के कार्य निपटा कर समय दे रही हैं वहीं बच्चे भी स्कूल से लौटने पर उनका हाथ बंटाते हैं। इसके अलावा मार्केट में दीवाली पर चीनी मिट्टी से बना कछुआ व शिवलिंग तथा भगवान श्रीगणेश व मां लक्ष्मी की डिमांड भी है।

### ऑर्डर पुराने थोक रेटों पर तैयार करना पड़ रहा

खासकर फिल्मी सितारों की नगरी मुबंई में यहां के बने दीयों की डिमांड रहती है। इस वर्ष मौसम ने साथ नहीं दिया। जिस कारण वे चार से पांच गाड़ियों में करीब बीस लाख दीयों का आर्डर ही पूरा कर पाए हैं। बरसात के कारण मिट्टी व ईंधन महंगे दामों पर भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा जबकि आर्डर पुराने थोक रेटों पर तैयार करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पहले के वर्षों में वे 22 से 25 गाड़ी दीये भेज देते थे।

### सरकार से की शहरी कारीगरों को जमीन व मिट्टी मुहैया कराने की मांग

माटी कला योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा प्रदेश के विभिन्न गांवों में माटी कला व्यवसाय जुड़े ग्रामीणों को पांच एकड़ जमीन व सब्सिडी और ट्रेनिंग की व्यवस्था की है लेकिन शहरी क्षेत्र में यह सुविधा नहीं लागू की। माटी कला व्यवसाय से जुड़े कारीगर महाबीर, विनोद कुमार, जितेंद्र, इंद्रपाल खोहाल आदि ने कहा कि सरकार को चाहिए वह शहरी क्षेत्र में भी जमीन मुहैया कराए ताकि वे अपना व्यवसाय सुचारू रूप से कर सकें। क्योंकि गांव के मुकाबले शहरी क्षेत्र में अधिक परिवार इस व्यवसाय से जुड़े हैं जिन्हें किसी भी प्रकार का लाभ नहीं पहुंच पा रहा। इसके अलावा बरसात के कारण हुए उनके नुकसान की क्षतिपूर्ति के संबंध में भी सरकार द्वारा किसानों की तर्ज पर कोई कल्याणकारी योजना चलाई जानी चाहिए।

### राजस्थान के अलवर में भी शिफ्ट हुए आर्डर

यदि माटी कला व्यवसाय के कारीगरों की माने तो उनके आर्डर राजस्थान के अलवर में भी शिफ्ट हुए हैं। इंद्रपाल खोहाल ने बताया कि उनकी अपेक्षा अलवर में दीये सस्ते रेटों पर मुहैया कराए जा रहे हैं। अलवर में 350 से 400 रुपये प्रति हजार की दर से थोक रेट में छोटे दीये मिल रहे हैं जबकि उनके शहर से छोटे दीये 550 से 600 रुपये प्रति हजार की दर से बेचे जा रहे हैं। इसी कारण व्यवसायियों द्वारा आर्डर शिफ्ट किए जा रहे हैं।



झज्जर। स्कूल से आने के बाद दीयों की सजावट में जुटे बच्चे। फोटो :हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

### छात्राओं को परीक्षा तनाव से बचने के टिप्स दिए

**बहादुरगढ़।** पीएमश्री सीनियर सेकेंडरी कन्या विद्यालय बहादुरगढ़ में सुनहरा कल फाउंडेशन के सहयोग से परामर्श एवं निर्देशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसिपल प्रवीण चौधरी ने की। कार्यक्रम में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय महाविद्यालय की मनोवैज्ञानिक एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. सुनीता ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य, परीक्षा तनाव, आत्म-नियंत्रण, आत्म-विश्वास व सकारात्मक सोच जैसे विषयों पर उपयोगी मार्गदर्शन दिया। फाउंडेशन अध्यक्ष सत्येंद्र दहिया ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से छात्राओं को उत्साहित किया। मनीषा, सुमन, रेणुबाला, राकेश कुमारी आदि प्रवक्ता इस अवसर पर उपस्थित रहीं। प्रिंसिपल ने अतिथियों व वक्ताओं का धन्यवाद किया।



बहादुरगढ़। पदक विजेता जतिन व ललित कुमार। फोटो :हरिभूमि

### बॉक्सिंग में जतिन और ललित कुमार ने जीते मेडल

**बहादुरगढ़।** बजरंग बॉक्सिंग अकादमी के मुक्केबाज जतिन सैनी और ललित कुमार ने दिल्ली में आयोजित स्कूली राज्य बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता बीते दिनों दिल्ली के शाहपुर स्थित सर्वोदय विद्यालय में हुई थी। कोच राहुल ने बताया कि जतिन सैनी और ललित कुमार ने प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल भावना तथा तकनीकी कौशल का परिचय दिया। दोनों ही बॉक्सर अकादमी के अनुशासित और मेहनती खिलाड़ी हैं। हमें उनके प्रदर्शन पर गर्व है और हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इन खिलाड़ियों की उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है।

*श्रद्धालुओं ने माथा टेककर अपने परिवार के लिए मंगल कामना की*

# चौदस मेले में मां भीमेश्वरी के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु

*प्रशासन की तरफ से भी मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए*

- मंदिर के पुजारी कुलदीप वशिष्ठ ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कराई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में सोमवार को श्रद्धालुओं ने माथा टेकते हुए अपने परिवार के लिए मंगल कामना की। अल सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। श्रद्धालुओं ने बताया कि चौदस के दिन भी यहां पहुंचकर मां की प्रतिमा के दर्शन करने की परंपरा है। श्रद्धालुओं ने मंदिर में माथा टेकने के बाद यहां लगे मेले में जमकर खरीदारी की। प्रशासन की तरफ से भी मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सुबह करीब पांच बजे मां की प्रतिमा को अंदर वाले मंदिर से बाहर वाले मंदिर में लाया गया। मंदिर के पुजारी कुलदीप वशिष्ठ ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कराई। उन्होंने बताया कि वैसे तो हर महीने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है लेकिन हर छठे महीने लगने वाले इस मेले में देश के कोने-कोने से श्रद्धालु आते हैं और मां के दरबार में हाजिरी लगाते हैं। मां सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं।



झज्जर। मां भीमेश्वरी के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं की भीड़। फोटो :हरिभूमि



बहादुरगढ़। रवाना होने से पहले कॉलेज में विद्यार्थी व शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

# कॉलेज के विद्यार्थी नैनीताल गए

*मेजर आनंद ने छात्रों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय बादली के कला स्नातक भूगोल ऑनर्स तृतीय वर्ष के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए नैनीताल रवाना हुए। प्राचार्य मेजर आनंद काद्यान ने विद्यार्थियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस सामाजिक-आर्थिक सर्वे में 11 विद्यार्थी व चार स्टाफ सदस्य मंजीत कुमार, डॉ. समता, रिंकी कुमारी व योगेश शर्मा ने प्रस्थान किया।

# ट्रेडिंग स्कैम में शामिल दो ठग गुजरात से गिरफ्तार

*आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन, तीन डेबिट कार्ड, एक पासबुक और एक चेक बुक जब्त की गई*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने फर्जी स्टॉक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के जरिए एक व्यक्ति से 11 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोप में गुजरात से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गुजरात के साबरकांठा निवासी आरोपी जाबिर हुसैन (38) और माज अरोदिया (30) को विस्तृत तकनीकी जांच के बाद पकड़ा गया। इनके पास से दो मोबाइल फोन, तीन डेबिट कार्ड, एक पासबुक और एक चेक बुक जब्त की गई है। डीसीपी हरेश्वर स्वामी के अनुसार यह मामला तब प्रकाश में आया जब दिल्ली के एक व्यक्ति ने 13 मई को राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई। आरोप लगाया गया कि ब्लिंक्समैक्स नामक एक फर्जी ट्रेडिंग एप में निवेश करने के लालच में आकर उसने 11.20 लाख रुपये गंवा दिए। भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और साइबर पुलिस थाने की टीम द्वारा जांच शुरू की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने निवेशकों को लुभाने के लिए फर्जी ट्रेडिंग एप बनाए और सोशल मीडिया पर उनका प्रचार किया। पीड़ितों द्वारा पैसे जमा करने के बाद, यह पैसा आरोपी अपने सहयोगियों द्वारा नियंत्रित बैंक खातों में भेजे देते थे। इसके स्त्रोत को छिपाने के लिए गुजरात और महाराष्ट्र के कई खातों में पैसा जमा किया गया था। डीसीपी ने बताया कि विश्लेषण के दौरान वही संदिग्ध लोग और बैंक खाते फर्जी ट्रेडिंग एप धोखाधड़ी से संबंधित कम से कम तीन अन्य शिकायतों से जुड़े पाए गए, जो एक व्यापक अंतरराज्यीय साइबर नेटवर्क का संकेत देते हैं।

# पावर प्वाइंट प्रतियोगिता में तन्नू और भाषण स्पर्धा में सारिका रही प्रथम

- विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता और हिंदी एवं संस्कृत साहित्य परिषद के तत्वावधान में महर्षि वाल्मीकि पर केंद्रित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र कुमार पूनिया ने कहा कि हम एआई के युग में प्रवेश कर चुके हैं लेकिन इसके साथ चुनौतियां और खतरे भी जुड़े हैं। जिनसे सावधान रहने की जरूरत है। विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल एजुकेशन जैसे विषयों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया। पावर प्वाइंट प्रतियोगिता में एमएससी कंप्यूटर द्वितीय वर्ष की तन्नू ने पहला, रूचि ने दूसरा और संजू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया जबकि हर्ष सर्वश्रेष्ठ व्याख्याता रहे।



झज्जर। विजेता प्रतिभागी महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि

### प्रतियोगिता के विजेता

डॉक्टर सुधीर और राजेश कुमार ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। उधर, हिंदी एवं संस्कृत विभागाध्यक्ष शिवशंकर ने भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें एमए हिंदी द्वितीय वर्ष की छात्रा सारिका ने पहला, एमए हिंदी द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्योति ने दूसरा तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा क्षमा और एमए हिंदी द्वितीय वर्ष की छात्रा दिव्या ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राध्यापक दीपक कुमार, शिवशंकर और डॉक्टर सुरजीत ने निर्णय किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर अमित भारद्वाज, प्रदीप सुहाग, मनोज कुमार, सुशील सहित अन्य भी मौजूद रहे।

*महर्षि वाल्मीकि एक महान संत थे, उन्होंने रामायण की रचना कर सभी को जीने की राह दिखाई*

# रेखाचित्र के माध्यम से किया महर्षि वाल्मीकि को नमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा ने महर्षि वाल्मीकि जयंती की पूर्व संध्या पर महर्षि वाल्मीकि का विशाल रेखाचित्र बनाया। मुकेश शर्मा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी एक महान संत थे। उन्होंने रामायण की रचना कर सभी को जीने का राह दिखाया।

इस चौपाल रंगोली में भूतपूर्व सैनिक देवीदत्त शर्मा, सूबेदार सुभाष शर्मा, राधेश्याम कौशिक, देवेंद्र वशिष्ठ, अमीर सिंह कौशिक, सौरव वशिष्ठ, केशव शर्मा, अर्जुन शर्मा, अलीशा शर्मा सहित काफी संख्या में ग्रामीणों ने महर्षि वाल्मीकि को नमन किया।




झज्जर। भदाना गांव की चौपाल में बनाया गया महर्षि वाल्मीकि का रंगोली रेखाचित्र।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती पर संवाद भवन में जिला स्तरीय समारोह आज

**झज्जर।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय भव्य समारोह मंगलवार को संवाद भवन में आयोजित किया जाएगा। समारोह में राई से विधायक कृष्णा गहलावत बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने सोमवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान महर्षि वाल्मीकि के जीवन एवं शिक्षाओं पर आधारित विचार साझा किए जाएंगे। इसके साथ ही जिले में स्वच्छता कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों में महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर आधारित निबंध, पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। इनमें उत्कृष्ट स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को समारोह के दौरान प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

### हिंमाशु भाऊ गैंग के 10 बदमाशों के खिलाफ दर्ज की चार्जशीट

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की एनडीआर टीम ने गैंगस्टर हिमांशु उर्फ भाऊ के नेतृत्व वाले क्राइम सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस कुख्यात गिरोह के 10 सक्रिय सदस्यों के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल किये जा चुके हैं। गिरोह के सरगना हिमांशु सहित दो और गैंगस्टरों को भगौड़ा घोषित किया गया है। फरार आरोपी हिमांशु और साहिल के खिलाफ भी आरोप पत्र दाखिल किया गया है। उसकी अनुपस्थिति में मुकदमा चलाने का अनुरोध किया गया है। ज्वाइंट सीपी सुरेंद्र कुमार के अनुसार संगठित अपराध सिंडिकेट की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जारी अभियान में क्राइम ब्रांच ने विदेश में रहने वाले गैंगस्टर हिमांशु उर्फ भाऊ के आपराधिक सिंडिकेट की गतिविधियों पर अंकुश लगाया है। इसके महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए हैं, जिसमें 10 आरोपियों को कड़े मकोका कानून के तहत गिरफ्तार किया गया है और 4 पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए हैं। पुलिस हिमांशु उर्फ भाऊ का पता लगाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है, जो कथित तौर पर अज्ञात विदेशी स्थानों से सिंडिकेट संचालित करता है।

### महिला को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे थे 20 लाख रुपये, पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** देशभर में डिजिटल अरेस्ट के जरिये मोटी रकम वसूलने वाले गिरोह के सरगना सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस गिरोह ने एक महिला से लगभग 20 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया था। एक आरोपी ने खुद को मुंबई पुलिस का डीसीपी बताकर इस ठगी को अंजाम दिया था। पुलिस को मिली शिकायतकर्ता ने कहा गया था कि आरोपी ने दावा किया था कि उनका आधार कार्ड कई आपराधिक गतिविधि से जुड़ा हुआ है। फिर वीडियो कॉल पर उन्हें 90,000 रुपये खाते में भेजने के लिए मजबूर किया।

# 1100 से अधिक धावकों ने दौड़ लगाकर दिया फिटनेस का संदेश, प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर किया सम्मानित

फेस ऑफ दी इवेंट एशियन मैराथन चैंपियन डॉ. सुनीता ने कार्यक्रम का फ्लैग ऑफ किया

**धर्मपाल ने विजेताओं को सम्मानित किया, कई हस्तियां पहुंची**

**बीआरजी संस्थापक दीपक ने कोर टीम व तमाम अतिथियों का धन्यवाद किया**

हरिभूमि न्यूज ⏩ बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर-9 में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप द्वारा आयोजित छठी ऐलेंटा मार्ट बीआरजी रन में दिल्ली एनसीआर सहित अन्य हिस्सों के 1100 से अधिक धावकों ने दौड़ लगाकर फिट रहने का संदेश दिया। ओलंपियन कर्नल संत कुमार, गिनीज बुक रिकार्ड होल्डर कर्नल कृष्ण बधवार, डॉ. राजेश, मिसेज इंडिया 2019 एवं फिट इंडिया एंबेसडर डॉ. किरण छिल्लर सहित अन्य बड़ी हस्तियों ने धावकों का उत्साहवर्धन किया। सुबह जिम खाना क्लब से दौड़ शुरू हुई। मुख्य अतिथि एवं फेस ऑफ दी इवेंट एशियन मैराथन चैंपियन डॉ. सुनीता गोदारा ने कार्यक्रम का फ्लैग ऑफ किया। संचालन एंकर फैजी खान ने किया। ऐलेंटा मार्ट के प्रतिनिधि धर्मपाल, अनुराग व दिनेश ने विजेताओं को सम्मानित किया। जबकि पवन दहिया ने प्रतिभागियों को फिनिशर मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। बीआरजी संस्थापक दीपक छिल्लर ने अपनी कोर टीम व तमाम अतिथियों का धन्यवाद किया।



बहादुरगढ़। दौड़ लगाकर फिटनेस का संदेश देते धावक। *फोटो :हरिभूमि*

### सोनिया प्रथम रही

दस किलोमिटर अंडर-18 आयुवर्ग में मनेंद्र ने पहला, 18 से 30 वर्ष में दिनेश ने पहला स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में ऋतु पहले स्थान पर रही। पुरुष 30 से 45 वर्ष आयुवर्ग में सनी और महिला वर्ग में आयुषी गुप्ता ने बाजी मारी। कर्नल केएस बधवार 45 से 55 वर्ष में पहले, महिला वर्ग में सोनिया पहले स्थान पर रही। इसी तरह से 55 प्लस में डॉ. सुरेंद्र व कृष्णा ने बाजी मारी।

### 55 प्लस में ब्रह्म प्रकाश प्रथम

पांच किलोमिटर अंडर-18 में हिमांशु व संजू प्रथम रही। इसी तरह 18 से 30 वर्ष में मनोहर ने पहला महिलाओं में अनित कौर ने पहला स्थान पाया। 30 से 45 वर्ष में मदन भंडारी व सारिका पहले स्थान पर रहे। जबकि 45 से 55 वर्ष में राजेश कुमार व महिलाओं में अरुणा जैन अव्वल रहीं। 55 प्लस में ब्रह्म प्रकाश व गीता प्रथम रहीं। तीन किमी अंडर 12 में सुनाक्ष, पक्ष, दीपांशु विजेता बने। जबकि लड़कियों में इलिशा, प्रयुता व सोनल ने पहले तीन पायदान पर जगह बनाई। 12 से 14 वर्ष में अभिमन्यु, वंश, यश तथा लड़कियों में शेनाया, अविका व आरिका टाप थ्री में रहीं। वहीं, 14 से 16 वर्ष में मयंक, शुभम व प्रशांत वहीं लड़कियों में हंसिका शीर्ष पायदान पर रहीं। उधर, 16 से 18 आयुवर्ग में चिराग, मानव राणा व पुलकित तथा लड़कियों में पूजा और गौरी ने बाजी मारी।

## खबर संक्षेप



### सीएम से मुलाकात कर बताईं समस्याएं

**बहादुरगढ़।** मांडोठी मंडल अध्यक्ष महावीर दलाल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और गांव से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के सामने गांव के खेतों तक जाने वाले कच्चे रास्तों को पक्का करवाने और पानी निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग रखी। महावीर दलाल ने बताया कि गांव में पानी निकासी का पर्याप्त प्रबंध न होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। वहीं महावीर दलाल, पवन पहलवान, मुकेश, लाला सिंह व राहुल ने भाजपा विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

# संबंधित विभागों के अधिकारियों को अविलंब समस्याओं का समाधान करने के सख्त निर्देश

## समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनीं समस्याएं

*तहसीलदार सुदेश मेहरा, पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा मौजूद रहे।*

हरिभूमि न्यूज ⏩ बहादुरगढ़

लघु सचिवालय में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम नसीब कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं। नागरिक परिवार पहचान पत्र, बिजली निगम, राजस्व विभाग, पंचायती विभाग, नगर परिषद आदि से संबंधित शिकायत लेकर नागरिक लघुसचिवालय में पहुंचे। एसडीएम ने शिविर में विभिन्न प्रकार की शिकायत लेकर आए नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को अविलंब समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार सुदेश मेहरा, पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



बहादुरगढ़। समाधान शिविर में समस्या सुनते एसडीएम नसीब कुमार।

### *रिपोर्ट तुरंत प्रस्तुत की जाए*



बेरी। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं को सुनते एसडीएम रेणुका नांदल।

### पीपीपी, बिजली निगम, राजस्व विभाग, पंचायती विभाग आदि से संबंधित शिकायत दर्ज

**बेरी।** सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में परिवार पहचान पत्र, बिजली निगम, राजस्व विभाग, पंचायती विभाग आदि से संबंधित शिकायत दर्ज की गई। इस अवसर पर नपा सचिव पूजा साहू, एसडीओ डॉक्टर ऋषिपाल, कानूनगो पवन कुमार, जेई प्रवीण कुमार, योगेश कुमार, पवन कुमार, विवेक कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### झज्जर: 13 फरियादी पहुंचे

**झज्जर।** सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में एडीसी जगनिवास ने लोगों की शिकायतें सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायतों के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समाधान तय समय-सीमा में किया जाए और कार्यवाई की रिपोर्ट तुरंत प्रस्तुत की जाए। शिविर में कुल 13 शिकायतें दर्ज की गईं। इस अवसर पर सीटीएम नमिता कुमारी, एसीपी दिनेश कुमार, डीआरओ मनवीर सांगवान, डीडीपीओ निशा तंवर सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### पुलिस कमिश्नर ने किया पौधारोपण



*झज्जर। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करते।*

## औषधीय खीर मानवता के लिए सबसे कल्याणकारी प्रसाद: महंत

*हरिभूमि न्यूज ⏩ झज्जर*

- जटेला धाम में शरद पूर्णिमा स्वास्थ्य महोत्सव का शुभारंभ

*क्षेत्र के गांव माजरा डी स्थित जटेला धाम में शरद पूर्णिमा स्वास्थ्य महोत्सव का शुभारंभ पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने पौधारोपण कर किया। उन्होंने धाम परिसर में औषधीय पौधों का रोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य संवर्धन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जटेला धाम न केवल अध्यात्म का केंद्र है, बल्कि यह स्थान मानवता के कल्याण और स्वास्थ्य सुधार का भी एक जीवंत प्रतीक बन चुका है। उन्होंने महंत राजेंद्र दास महाराज द्वारा तैयार की गई औषधीय खीर का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह औषधीय खीर मानवता के लिए सबसे कल्याणकारी प्रसाद है। जो शरीर, मन और आत्मा तीनों के संतुलन का माध्यम बनती है। वहीं संत राजेंद्र दास महाराज ने बताया कि जटेला धाम में वर्षों से यह परंपरा चली आ रही है कि शरद पूर्णिमा की रात में औषधियों से बनी खीर को चंद्र किरणों में रखकर ऊर्जा और औषधीय गुणों से युक्त किया जाता है। इस खीर का सेवन करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।*

## जीडी गोयनका के विद्यार्थी छाए



**बहादुरगढ़।** हरियाणा स्टेट जूनियर स्विमिंग चैंपियनशिप का आयोजन बहादुरगढ़ के एचएल सिटी स्विमिंग कॉम्प्लेक्स में किया गया। इस प्रतियोगिता में राज्यभर से अनेक विद्यालयों के प्रतिभाशाली तैराकों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जीडी गोयनका स्कूल के छात्र मयंक यादव, सताक्षी, नव्या, पूर्वी तथा हितिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 12 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय तथा अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। गोयनका के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण विद्यालय की कक्षा छठी की पूर्वी और कक्षा दूसरी की हितिका को बेस्ट स्विमर ऑफ हरियाणा स्टेट का खिताब भी प्रदान किया गया। विद्यालय प्रिंसिपल ने सभी विजेताओं को बधाई दी। निदेशिका शैलजा जून ने कहा कि यह उपलब्धि बच्चों की मेहनत, कोच के मार्गदर्शन और विद्यालय के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी भविष्य में भी इसी तरह राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम उज्ज्वल करेंगे।

### योगा में करियर विषय पर व्याख्यान

**बहादुरगढ़।** चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय छारा में कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनीता दलाल के मार्गदर्शन व प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. अश्वनी कुमार के नेतृत्व में योगा में करियर संभावनाएं विषय पर एक विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता नरेश आचार्य, असिस्टेंट प्रोफेसर, महाविद्यालय गुरुकुल झज्जर ने विद्यार्थियों को योगा में करियर के विभिन्न अवसरों के बारे में जानकारी दी। बताया कि आज योग केवल साधना का माध्यम नहीं, बल्कि एक तेजी से उभरता हुआ पेशेवर क्षेत्र बन चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा योग शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए कई डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति बढ़ती जागरूकता से देश-विदेश में योग विशेषज्ञों की मांग बढ़ रही है।

**जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान बिरधाना को ज्ञापन सौंपा**

# कंप्यूटर लैब सहायकों ने की जॉब सिक्योरिटी और वेतनवृद्धि की मांग

सरकारी स्कूलों में पिछले करीब चौदह वर्षों से कार्यरत

हरिभूमि न्यूज :झज्जर

लंबित वेतन और जॉब सिक्योरिटी लेटर जारी करने की मांग को लेकर कंप्यूटर लैब सहायक संघ की टीम द्वारा जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान बिरधाना को ज्ञापन सौंपा। कंप्यूटर लैब सहायक संघ की महिला प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा पांचाल व कुलदीप गुरान ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए इस ज्ञापन बारे बताया कि वे प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पिछले करीब चौदह वर्षों से कार्यरत हैं। वे बारह हजार रुपए प्रतिमाह वेतन ले रहे हैं। उनकी नियुक्ति प्रदेश स्तर पर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सी-डेक मोहाली द्वारा लिखित परीक्षा के बाद मेरिट आधार पर हुई थी।



झज्जर। जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना को ज्ञापन सौंपते कंप्यूटर लैब सहायक।

### लेटर जारी नही

उनके द्वारा कंप्यूटर लैब के रख-रखाव व बच्चों को कंप्यूटर की बेसिक शिक्षा दी जाती है। सरकार द्वारा उन्हें जॉब सिक्योरिटी देने का निर्णय लिया गया था जिस संबंध में अभी तक लेटर जारी नहीं किया। उनकी मुख्य मांगों में वेतन बढ़ाकर 35400 रुपये प्रतिमाह किया जाना, जॉब सिक्योरिटी लेटर जारी किया जाना, दस वर्ष से अधिक के अनुभवी कर्मचारियों को 15 फीसदी का अतिरिक्त लाभ दिया जाना शामिल है।

## नशा मुक्त परिवार और नशा मुक्त हो समाज विषय पर कवि सम्मेलन कल

**झज्जर।** युवाओं को नशे और अपराध के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के लिए जिला पुलिस द्वारा अनोखी पहल की गई है। पुलिस द्वारा युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के लिए कवि सम्मलेन आयोजित किया जा रहा है। डीसीपी हैड क्वार्टर जसलीन कौर ने बताया कि जिले को अपराध और नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में बुधवार को राजकीय नेहरू कॉलेज के ऑडिटोरियम में पुलिस द्वारा कवि सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। कवि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य नशा मुक्त हो हर परिवार और नशा मुक्त हो हमारा समाज रहेगा।



# पैरालंपिक खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत: डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏩ बहादुरगढ़

भाजपा नेता डॉ. पंकज जैन ने दिल्ली स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पैरालंपिक के लिए चयनित खिलाड़ियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों के हौसले की सराहना करते कहा कि ये सभी खिलाड़ी देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले हैं। डॉ. पंकज जैन ने खिलाड़ियों से बातचीत में कहा कि कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना से भरा हर खिलाड़ी अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करता है।



**बहादुरगढ़।** खिलाड़ियों के साथ भाजपा नेता डॉ. पंकज जैन व अध्यक्ष देव कुमार।

### सुविधाओं की जानकारी ली

उन्होंने पैरालंपिक कमेटी के अध्यक्ष देवकुमार से भी भेंट की और आयोजन की तैयारियों व खिलाड़ियों की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पैरालंपिक खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं, जो शारीरिक सीमाओं के बावजूद अपने अदम्य साहस से असंभव को संभव बनाते हैं। जैन ने सभी खिलाड़ियों को जीतकर देश का तिरंगा ऊंचा करने की शुभकामनाएं दी।

## हुड्डा राजनीति के मजबूत स्तंभ: राठी

**बहादुरगढ़।** कांग्रेस नेत्री एवं नगर पार्षद डॉ. नीना सतपाल राठी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मंत्री राव नरेंद्र को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर खुशी जताई है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। राठी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा की राजनीति का मजबूत स्तंभ हैं और उनका अनुभवी नेतृत्व क्षमता का लाभ पार्टी को जरूर मिलेगा। कांग्रेस हाईकमान ने राव नरेंद्र को प्रदेशाध्यक्ष बनाकर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती देने का काम किया गया है। नीना सतपाल राठी ने कहा कि पूर्व सीएम हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता पहले से ही सड़क से लेकर सदन तक हर वर्ग के लोगों के हितों की आवाज उठा रहे हैं।



**बहादुरगढ़।** पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा को बधाई देती डॉ. नीना सतपाल राठी।

**प्रतियोगिता** — संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में प्रतियोगिता का आयोजन किया

# बैडमिंटन व वॉलीबॉल प्रतियोगिता में करेज और ट्रस्ट हाउस बने विजेता

प्रतियोगिता के दौरान सभी खिलाड़ियों ने अनुशासन और खेल भावना का पालन किया

हरिभूमि न्यूज ⏩ झज्जर

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के बीच इंटर हाऊस बैडमिंटन व वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बैडमिंटन की प्रतियोगिता में करेज हाऊस की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप अपने नाम की। टीम में निखिल और अंश की जोड़ी ने फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते जीत हासिल की। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में ट्रस्ट हाऊस की टीम विजेता रही। विजेता टीम में पीयूष, मयंक, अर्णव, मुकुल, दीपांशु और मोक्ष आदि खिलाड़ी शामिल रहे। प्रतियोगिता के दौरान सभी खिलाड़ियों ने अनुशासन और खेल भावना का पालन किया। संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. महिपाल ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। कहा कि खेल विद्यार्थियों को टीम वर्क जैसे महत्वपूर्ण जीवन मूल्यों को सीखने में मदद करते हैं।





**झज्जर।** शिक्षकों के साथ उपस्थित पोस्टर मेकिंग के विजेता विद्यार्थी।

### पोस्टर मेकिंग में दिखाई प्रतिभा

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में सोमवार को विज्ञान संकाय के बीएससी प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग कंपीटिशन का आयोजन किया गया। प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र ने बताया कि कंपीटिशन की अध्यक्षता रसायन विभाग में डॉक्टर शिवानी, गणित विभाग में निशा रानी और भौतिक विभाग में राजेश कुमार ने की। प्राचार्य डॉक्टर सतबीर सिंह मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जागरुकता, रचनात्मकता एवं दृश्य अभिव्यक्ति क्षमता को प्रोत्साहित करना था। विद्यार्थियों ने विज्ञान से जुड़े विभिन्न विषयों जैसे पर्यावरण संरक्षण, नवाचार, क्लीन एनर्जी, जल संरक्षण, स्वस्थ जीवनशैली, गणितज्ञ रामानुजन आर्यभट्ट और दैनिक जीवन में गणित के उपयोग आदि पर सुंदर व संदेशपूर्ण पोस्टर बनाए। प्रतियोगिता में रसायन विभाग में 41, गणित विभाग में 13 तथा भौतिक विभाग में छह विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाए। सभी विजेताओं को प्रोत्साहन राशि व प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर डॉक्टर नरेंद्र, डॉक्टर सीटू, मंजू कुमारी, डॉक्टर मोनिका सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

**राजकीय महाविद्यालय दुजाना में गतिविधि का आयोजन**

# मानसिक स्वास्थ्य विषय पर विद्यार्थियों ने बनाए पोस्टर

मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता एक सामाजिक विषय

हरिभूमि न्यूज ⏩ झज्जर

राजकीय महाविद्यालय दुजाना में मनोविज्ञान विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय पर पोस्टर मेकिंग गतिविधि का आयोजन किया गया। सहायक प्रोफेसर डॉक्टर सजनी देवी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्या डॉक्टर अनिल कुमारी ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता एक सामाजिक विषय है, जिसका उद्देश्य मानसिक विकृतियों से पीड़ित लोगों को इसके प्रति फैली गलत धारणाओं के प्रति समाज में जागरुकता फैलाना है। इसलिए सभी को मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए समय निकालना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे मानसिक बीमारी का सामना करने के लिए नए कौशल सीखें व फोन से दूर रहें।



**झज्जर।** शिक्षकों के साथ उपस्थित पोस्टर मेंकिंग गतिविधि के विद्यार्थी।